बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

विस्तृत सूचना

विज्ञापन संख्या–06/2022 के अंतर्गत सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन (Document Verification)

सहायक, बिहार लोक सेवा आयोग मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 25-11-2023 को प्रकाशित किया गया, जिसमें कुल 43 उम्मीदवार सफल घोषित किये गये। आयोग उक्त सभी सफल उम्मीदवारों को उनके दस्तावेज सत्यापन (Document Verification) के लिए दिनांक 4-12-2023 (सोमवार) को 10:00 बजे पूर्वाह्न में आमंत्रित करता है।

02. उपर्युक्त सभी उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन के लिए अलग से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा। उम्मीदवार उक्त विज्ञापन के मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के ई–प्रवेश पत्र के साथ दस्तावेज सत्यापन में शामिल होना सुनिश्चित करेंगे।

03. प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं करने पर उम्मीदवारों की अर्हता प्रभावित होगी तथा इस सम्बन्ध में पुनः किसी प्रकार का अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा एवं तत्सम्बन्ध में यथासमय समुचित निर्णय लेने के लिए आयोग स्वतंत्र होगा।

04 **सभी उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन के दिन मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा हेतु प्रकाशित विज्ञापन की कंडिका– 10(i) के आलोक में अंतिम रूप से भरे गये ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी की एक प्रति अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे। साथ ही उम्मीदवारों को प्रकाशित विज्ञापन की शर्त्तों के अनुरूप अपने ऑनलाईन आवेदन में योग्यता सम्बन्धी दावे/सूचना से सम्बन्धित निम्नलिखित आवश्यक मूल (Original) प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :–**

(i) मैट्रिक का प्रमाण–पत्र/अंक पत्र (जन्म तिथि के लिए)
(ii) स्नातक डिग्री प्रमाण पत्र
(iii) स्नातक डिग्री अंक पत्र
(iv) कार्यानुभव प्रमाण–पत्र
(v) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र
(vi) निवास प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए)
(vii) क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र (केवल पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए)
(viii) EWS प्रमाण पत्र
(ix) दिव्यांगता प्रमाण पत्र
(x) बिहार सरकार के सरकारी सेवक को आयु में छूट का दावा करने की स्थिति में प्रमाण–पत्र
(xi) स्वतंत्रता सेनानी संबंधी प्रमाण पत्र
(xii) भूतपूर्व सैनिक संबंधी प्रमाण पत्र
(xiii) केन्द्र सरकार, अर्द्ध सरकारी संस्थान, पब्लिक सेक्टर, बिहार सरकार या किसी अन्य राज्य सरकार के अधीन किसी भी पद पर नियुक्त रहने की स्थिति में, तो परीक्षा में भाग लेने हेतु विभागीय अध्यक्ष/सक्षम प्राधिकार का **अनापत्ति प्रमाण पत्र** (No Objection Certificate)
(xiv) ID प्रूफ
(xv) हाल का खिंचा हुआ 4 (चार) फोटो।

साथ ही इन सभी मूल प्रमाण–पत्रों एवं अंक पत्रों की छायाप्रति दो अलग–अलग सेट में उम्मीदवारों द्वारा स्वअभिप्रमाणित कर जमा करना अनिवार्य होगा। योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र वही मान्य होंगे, जिनका उल्लेख उम्मीदवार ने अपने मूल आवेदन पत्र में किया है। योग्यता से सम्बन्धित प्रमाण पत्र के निर्गत होने की तिथि, आवेदन करने की अंतिम तिथि 21.12.2022 तक का निर्गत होना आवश्यक है।

05. **दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाए जा रहे उम्मीदवारों की अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने मात्र से उनकी अभ्यर्थिता/अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। दस्तावेज सत्यापन के समय या उसके बाद उनकी अभ्यर्थिता/अर्हता पर यथास्थिति एवं यथासम्भव आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।**

06. दस्तावेज सत्यापन में सम्मिलित होने के लिए कोई यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

25/11/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना